दिनांक 27 अक्टूबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

पेयजल व्यवस्था देखने निचली बस्ती में पहूंचे आयुक्त प्रकाश सर्वे , बूस्टर लाइन डालने के बाद इंटरकनेक्शन में लापरवाही आयुक्त ने थमाया शो कॉज नोटिस - पाइप लाइन का कार्य पूर्ण होने के बाद मराठी मोहल्ला कोसानगर के 120 परिवारों को पानी की समस्या से मिला निजात

भिलाई नगर/ आज निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे पेयजल व्यवस्था का जायजा लेने वार्ड क्रमांक 4 सुपेला थाना के समीप के पीछे निचली बस्ती एवं डुबान क्षेत्र अटल/रेशने आवास पहूंचे , यहां मोहल्ले में पहले पानी नहीं आने की समस्या थी, जहां पाइप लाइन डालकर इंटरकनेक्शन का कार्य कुछ दिन पूर्व किया गया है। आयुक्त ने रहवासियों से पानी आने को लेकर चर्चा की। रहवासियों ने बताया कि पहले पानी बिल्कुल नहीं आता था , अब पानी आने लगा है परंतु प्रेशर कम है आयुक्त ने अधिकारियों से पानी के प्रेशर की जानकारी ली। जल विभाग के अधिकारियों ने इस पर बताया कि इंटरकनेक्शन के बाद एंड कैंप बंद करने का काम प्रगति पर है जैसे ही यह कार्य हो जाएगा पानी का प्रेशर भी बढ़ जाएगा। आयुक्त कोसानगर के मराठी मोहल्ला पहूंचे, इस स्थल पर पहले पानी कम आने की समस्या थी, परंतु अब पाइपलाइन बिछाने के बाद से 120 परिवार को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है। आयुक्त ने रहवासियों से फीडबैक लिया, घर मालिकों ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में पानी आ रहा है। वही आयुक्त वार्ड क्रमांक 6 अंतर्गत शंकर नगर, इंदिरा नगर एवं उड़िया पारा पहूंचे! इस क्षेत्र के पानी की समस्या का समाधान करने के लिए 250 मीटर बूस्टर डीआई पाइपलाइन बिछाया जाना था , जिसका कार्य पूर्ण हो गया है इसके बाद इंटरकनेक्शन का भी कार्य किया जाना है परंतु निरीक्षण के दौरान जहां इंटरकनेक्शन किया जाना था वहां न करके दूसरे स्थान पर कार्य किया जा रहा था। जोन के अधिकारी एवं जल विभाग के अधिकारियों के मध्य समन्वय एवं पर्यवेक्षण नहीं करने के कारण इस प्रकार की स्थिति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। आयुक्त श्री सर्वे ने पेयजल के प्रमुख मुद्दे पर लापरवाही बरतने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और उपस्थित अधिकारियों को शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने बजरंग पारा जुनवानी , मॉडल टाउन, उड़िया पारा, संजय नगर लेबर कॉलोनी, मुरूम खदान फरीद नगर, हाउसिंग बोर्ड, कोहका एवं भाटापारा कोहका का भी निरीक्षण पेयजल व्यवस्था को लेकर किया।

जनसंपर्क अधिकारी